Title: Need to ensure uninterrupted power supply to industries located within 40 kms. area around N.T.P.C. Kahalgaon, Bihar by declaring it a Command Area - Laid.

श्री सुबोध राय (भागलपुर) : महोदय, एनटीपीसी कहलगांव भागलपुर शहर से मात्र 25 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित होने के बावजूद बिजली की आपूर्ति के अभाव में पावरलूम सैक्टर, कृाि कार्य, व्यवसाय एवं आम उपभोक्ताओं को भीाण संकट का सामना करना पड़ता है।

बिजली आपूर्ति की बदतर स्थिति के कारण बुनकर, किसान, व्यवसायी और आम उपभोक्ताओं का जीवन संकटमय है तथा इस क्षेत्र का ि
वकास बूरी तरह बाधित है। फलस्वरूप घोर पिछड़ापन, अभाव, गरीबी और असमानता के अंधकार में अपराध और विधि-व्यवस्था की
चुनौती लगातार बढ़ रही है। पांच लाख से अधिक बुनकर, किसान एवं बेकार नौजवानों में हताशा बढ़ रही है।

अतएव भारत सरकार एवं विद्युत मंत्रालय से मांग है कि उपरोक्त समस्या के निदान हेतु कहलगांव एनटीपीसी के चालीस कि.मी. क्षेत्र को कमांड एरिया घोाित कर पावरलूम उद्योग, कृाि, व्यवसाय एवं अन्य कार्यों के लिए वहां से सीधे बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की जाए।